# पानी रे पानी

**एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 20)**

➢ क्या तुम पानी पर कोई कविता या गाना जानते हो? कक्षा में सुनाओ।

उत्तर पानी

पानी रे पानी तेरा रंग कैसा?
जिस रंग में मिल जाये उस रंग जैसा।

(आभार : हिन्दी सिनेमा के गाने से लिया गया)

➢ कविता में पानी से जुड़ी कौन-सी आवाजों की बात की गई है? कुछ आवाजें तुम भी बताओ।

उत्तर कविता में पानी से जुड़ी निम्न आवाजों की बात की गई है–*कलकल-कलकल, छलछल-छलछल*। कुछ और आवाजें हैं; *छपाक-छपाक, झरझर-झरझर*।

➢ कवि ने क्या कहा है–पानी कहाँ-कहाँ है?

उत्तर कवि ने कहा है कि पानी नदी, झरने, झील तथा कुएँ में है।

➢ नीचे दिए जिन कामों में पानी की जरूरत है, उन पर (✓) का निशान लगाओ।

| | | |
|---|---|---|
| खेलने में ☐ | गाना गाने में ☐ | चाय बनाने में ☐ |
| आटा गूंधने में ☐ | लिखने में ☐ | नाव चलाने में ☐ |
| चित्र बनाने में ☐ | पौधों को उगाने में ☐ | पंखा चलाने में ☐ |

उत्तर

| | | |
|---|---|---|
| खेलने में | गाना गाने में | चाय बनाने में ✓ |
| आटा गूंधने में ✓ | लिखने में | नाव चलाने में ✓ |
| चित्र बनाने में | पौधों को उगाने में ✓ | पंखा चलाने में |

➢ ऐसे चार काम लिखो जो–

- तुम पानी के बिना कर सकते हो।
- तुम पानी के बिना नहीं कर सकते हो।

उत्तर
- बोलना, चलना, पढ़ना, खेलना जैसे काम मैं बिना पानी के कर सकता हूँ।
- खाना खाना, बरतन धोना, नहाना, कपड़े धोना जैसे काम बिना पानी के सम्भव नहीं।

किसके लिए कितना?

➢ इन कामों में सबसे ज्यादा पानी जिसमें लगता है, उसे पहले लिखो। बाकी को ज्यादा से कम के क्रम में लिखो।

काम : नहाने में, पीने में, घर धोने में, खेत में पानी देने में, आटा गूंधने में

उत्तर 1. खेत में पानी देने में, 2. घर धोने में, 3. नहाने में, 4. आटा गूंधने में, 5. पीने में।

**एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 21)**

**कहाँ से मिलता है पानी?**

➢ तुमने कविता में नदी, झरने, तालाब और कुएँ के बारे में पढ़ा। इनसे हमें पानी मिलता है। तुम पानी कहाँ-कहाँ से लाते हो? तुम्हारे घर में या घर के पास इनमें से जो-जो हैं, उन पर ◯ लगाओ।

झील, कुआँ, तालाब, झरना, सागर, नदी, नहर, ट्यूबवैल, नल, नलकूप, टाँका, गर्मसोता

**उत्तर** झील, (कुआँ,) (तालाब,) झरना, सागर, नदी,

नहर, ट्यूबवैल, (नल,) नलकूप, (टाँका,) गर्मसोता

➢ क्या तुमने कभी जमीन से गर्म पानी निकलते देखा है? कहाँ?

**उत्तर** मैंने मणिकर्निका घाट में जमीन से गर्म पानी निकलते देखा है।

➢ क्या तुम्हारे गाँव या शहर में कोई नदी बहती है? यदि हाँ, तो उसका नाम लिखो।

**उत्तर** हाँ, मेरे शहर से यमुना नदी बहती है।

➢ क्या तुम कुछ नदियों के नाम जानते हो? उनके नाम लिखो।

**उत्तर** कुछ नदियों के नाम नीचे लिखे हैं–

यमुना, गंगा, गोदावरी, सतलज, चेनाब, महानदी, ब्रह्मपुत्र, आदि।

➢ तुम्हारे घर में पीने का पानी कहाँ से आता है?

**उत्तर** मेरे घर में पीने का पानी पाइप से आता है।

➢ क्या पानी लाने घर से दूर जाना पड़ता है? पानी लाने में कितना समय लगता है?

**उत्तर** मेरे घर में पानी पाइप से आता है। इसलिये हमें पानी लाने दूर नहीं जाना पड़ता है। मैंने सुना है कि कुछ गाँवों में लोगों को पानी के लिए मीलों दूर जाना पड़ता है।

➢ क्या आस-पास के लोग भी वहीं से पानी लेते हैं?

**उत्तर** हाँ, मेरी पूरी कॉलोनी में जल बोर्ड का पानी आता है।

➢ क्या ऐसे भी कुछ लोग हैं जिन्हें वहाँ से पानी भरने नहीं दिया जाता?

**उत्तर** नहीं, ऐसा कोई भी नहीं है।

➢ पानी को भरकर रखने की जरूरत क्यों पड़ती है?

**उत्तर** पानी को भरकर रखना इसलिये जरूरी है कि पानी नहीं आने पर हम इसका इस्तेमाल कर सकें।

➢ तुम्हारे घर के लिए पानी भरने का काम कौन-कौन करते हैं?

**उत्तर** मेरे माता-पिता यह काम करते हैं। मैं कभी-कभी उनकी मदद करता हूँ।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 22)

➢ नीचे दिए गए चित्रों में से उनमें रंग भरो, जिनमें तुम पानी भरकर रखते हो।

*(एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक, पृष्ठ संख्या 22 देखें)*

**उत्तर** स्वयं करो।

➢ तुम्हारे घर में यदि किन्हीं और चीजों में पानी भरकर रखा जाता है, तो कॉपी में उनका चित्र बनाओ और नाम भी लिखो।

**उत्तर** स्वयं करो।

➢ चित्र में दिए सभी बर्तनों में यदि ऊपर तक पानी भरा हो तो–

1. किस बर्तन में सबसे कम पानी होगा?
2. किस बर्तन में सबसे ज्यादा पानी होगा? यह तुम कैसे कह सकते हो?

**उत्तर** 1. लोटा में सबसे कम पानी होगा।

2. बाल्टी में सबसे ज्यादा पानी होगा। यह हम बर्तन के आकार को देखकर कह सकते हैं।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 23)

### छुटकी चकराई

➢ तुम्हें क्या लगता है? क्या छुटकी के गिलास में कम पन्ना था?

**उत्तर** चूँकि पन्ना एक बरतन से दूसरे बरतन में डाला गया था इसलिये छुटकी के गिलास में कम पन्ना नहीं था।

➢ पानी कहाँ-कहाँ से मिलता है? वर्ग पहेली में ढूँढो और ◯ लगाओ। क्या तुम दस और ढूँढ पाए?

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बा | व | डी | झी | न |
| रि | सा | कु | आँ | ल |
| श | सो | ग | झ | ता |
| च | न | ह | र | ला |
| श्मा | दी | टाँ | का | ब |

**उत्तर**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बा | व | डी | झी | न |
| रि | सा | कु | आँ | ल |
| श | सो | ग | झ | ता |
| च | न | ह | र | ला |
| श्मा | दी | टाँ | का | ब |

मैं दस से ज्यादा ढूँढ पाया।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 24)

➢ इनमें से जो अलग है उस पर ◯ लगाओ और बताओ क्यों?

नदी, पहाड़, तालाब, सोता।

नहाना, कपड़े धोना, तैरना, कंघी करना, आटा गूंधना।

मछली, बत्तख, बन्दर, मगरमच्छ, कछुआ।

कार, नाव, बस, रेलगाड़ी, साइकिल।

**उत्तर** नदी, [पहाड़,] तालाब, सोता

नहाना, कपड़े धोना, तैरना, [कंघी करना,] आटा गूंधना

मछली, बत्तख, [बन्दर,] मगरमच्छ, कछुआ

कार, [नाव,] बस, रेलगाड़ी, साइकिल

पहाड़ पर जरूरी नहीं कि पानी हो। कंघी करने में पानी की जरूरत नहीं होती है। बन्दर पानी में नहीं रहता है। नाव पानी में चलती है।

### रंगों से खेल

➢ एक कागज को बीच में से मोड़ो। अब खोलकर अलग-अलग रंगों की कुछ बूँदें डालो। कागज को फिर से मोड़कर दबा दो। खोलकर देखो क्या बना?

**उत्तर** स्वयं करो।